दिन– बुधवार दिनांक– 22/01/2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराहन 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के सफल दस वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता जताई है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि समाज के सभी वर्गो की भागीदारी से अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री–पुरूष के बीच का विभेद कम हुआ है और बालिकाओं की शिक्षा और कॅरिअर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लडके–लडकियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्परिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था। श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें। इधर, इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में बेटियों के विकास को समर्पित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष नवम्बर में चौदह लाख तिरेसठ हजार सदस्यों की वृद्धि हुई है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया है कि इनमें नए महिला सदस्यों की संख्या लगभग दो लाख चालीस हजार है।

———————————————————————————

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। केन्द्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के जरिये कुंभ नगरी में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर की खादी प्रदर्शनी लोगों को आकर्षित कर रही है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज अररिया जिले में तीन सौ चार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार अब से कुछ देर बाद समाहरणालय के परमान सभागार में अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे।

———————————————————————

तेज पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों के तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। रोहतास, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज और कल छपरा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, बेतिया और वैशाली समेत राज्य के विभिन्न भागों में शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना है।

———————————————————————

बिहार संग्रहालय और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट के बीच पटना में एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अनुसार शैक्षणिक, कलात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों में दोनों संस्थाएं परस्पर भागीदारी और सहयोग करेंगे। समझौता पत्र पर बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह और निफ्ट के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा ने हस्ताक्षर किये।

———————————————————————

पटना–गया मेमू सवारी गाड़ी, पटना–गया स्पेशल और किउल–गया सवारी गाड़ी का परिचालन आज से पुनः बहाल कर दिया गया है। पूर्व –मध्य रेलवे के मुख्य

जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया है कि गया जंक्शन पर प्लेटफॉर्म संख्या चार और पांच पर विकासात्मक कार्य पूरा होने के बाद इन ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया है।

---

भोजपुर जिले के रहने वाले मशहूर समाजसेवी और पत्रकार भीम सिंह भवेश को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है।

---

बेगूसराय जिले के छौराही थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर पचास हजार के ईनामी अपराधी दिलखुश उर्फ रजनीश को गिरफ्तार कर लिया है।

---

समाप्त